तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार, 20 जुलाई 2025

4

पुसौर की खाद दुकानों पर छापा अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई



[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

### निगम के अधिकारी कह रहे अब तक नहीं मिली शिकायत

# 'अमृत' की बजाय लोगों के घरों में पहुंच रहा 'मटमैला और बदबूदार पानी..!'



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के घरों में कुछ सप्ताह से अमृत मिशन योजना के तहत मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इस दिशा में ठोस कदम उठाने के बजाय निगम के अधिकारी अब तक शिकायत नहीं मिलने की बात कर रहे हैं। साथ पानी में पीलापन होने की वजह बारिश को बता रहे हैं। जिससे फिल्टर प्लांट की उपयोगिता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

दरअसल अमृत मिशन योजना का धरातल पर क्रियान्वयन सवालों के घेरे में है। नगर निगम रायगढ़ क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से फिल्टर प्लांट लगा कर स्वच्छ जल आपूर्ति की व्यवस्था की गई है, लेकिन बरसात की शुरुआत होते ही यह व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कई मोहल्लों और कॉलोनियों में नलों से मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है। जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड क्रमांक 21 बेलादुला व वार्ड क्रमांक 14 गौशालापारा सहित अन्य वार्डों के रहवासी शिकायत कर रहे हैं कि नलों से आने वाला पानी पीने लायक नहीं है। पानी में मिट्टी के कण नजर आ रहे हैं। साथ ही पानी पीने से अजीब तरह की बदबू आ रही है और पानी पहले की तुलना कड़वा लग रहा है। इतना ही नहीं जिस बर्तन में पानी को रख रहे हैं उक्त बर्तन भी मिट्टी और धूल की वजह से पीला हो जा रहा है। इसके बाद भी नगर निगम द्वारा इस ओर कोई पहल न करते हुए खुद को पाक साफ बताया जा रहा है। जिससे लोगों में नगर निगम के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।

#### इस तरह होती है पानी की सप्लाई

दरअसल गोवर्धनपुर स्थित 32 एमएलडी फिल्टर प्लांट में नदी से पानी लेकर उसे फिल्टर किया जाता है। इसके बाद उसे पाइप लाइन के माध्यम से शहर के पानी टंकियों में सप्लाई किया जाता है। वहीं उक्त टंकियों से क्षेत्र के हिसाब से लोगों के घरों में अमृत मिशन के तहत पानी पहुंचता है, लेकिन जब से बारिश हो रही है तब से नदी का पानी मटमैला हो गया। जिससे अधिकांश वार्डों में मटमैला पानी पहुंचने की शिकायत आ रही है। इस संबंध में कुछ वार्डों के पार्षद ने भी निगम में शिकायत दर्ज कराई है।

#### न टंकियों की करा रहे सफाई ना ही पानी का ले रहे सैंपल

नगर निगम द्वारा 32 एमएलडी प्लांट से पानी पूरी तरह फिल्टर और सफेद करके सप्लाई करने का दावा किया जा रहा है। इसके बाद भी पानी की गुणवत्ता कहां खराब हो रही है इसकी सच्चाई जानने के लिए निगम द्वारा प्रयास नहीं किया जा रहा है। जब कभी शिकायत होती है तब नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी नींद से जागते हैं। उनके द्वारा खुद ही शहर के टंकियों की सफाई नहीं कराई जाती और न ही पानी का सैंपल लेकर उसे टेस्ट के लिए लैब भेजा जाता है।

#### नदी का प्रदूषित पानी भी एक कारण

दरअसल नदी में उद्योगों का फ्लाईऐश, डस्ट और खराब पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा संबलपुरी नाला का पानी भी नदी को प्रदूषित कर रहा है। पिछले साल ही नगर निगम की टीम ने जांच में यह पाया था, इसके बाद भी उद्योगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### टैक्स भरने के बाद भी पानी के लिए होती है परेशानी

लोगों का कहना है कि वो हर माह जलकर भरते हैं, इसके बाद भी पानी समय पर नहीं आता है और जब आता है तब उसमें मिट्टी और बदबू होती है। लोगों का आरोप है कि निगम प्रशासन पानी को लेकर सिर्फ कागजों पर योजना चला रहा है, जमीनी हकीकत कुछ और ही है। नगर निगम द्वारा लगाए गए फिल्टर प्लांटों की गुणवत्ता व रखरखाव पर भी सवाल उठ रहे हैं। लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी लोगों को स्वच्छ जल नहीं मिल रहा है। लोग अब बोतलबंद पानी और हैंडपंप पर निर्भर हो गए हैं, जिससे उनका आर्थिक भार बढ़ गया। कई स्थानों पर बोरपंप व हैंडपंप नहीं होने से लोगों को और परेशानी हो रही है।

#### वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद ने आयुक्त से की शिकायत

वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद अनुपमा शाखा यादव ने निगम आयुक्त को अमृत जल सप्लाई के संबंध में पत्र लिखकर अवगत कराया है कि पिछले माहभर से गौशालापारा, बजरंगपारा, बैकुण्ठपुर तालाब सहित वार्ड के नीचे क्षेत्रों अमृत मिशन द्वारा जल आपूर्ति सही ढंग से संचालित नहीं हो पा रही है। सुबह के समय मात्र 35 मिनट ही पानी की सप्लाई हो रही है। वहीं पानी मटमैला होने के कारण पीने योग्य नहीं है। पूर्व में निगम द्वारा अधिकांश क्षेत्रों में पंप निकालने से जल प्रदाय की वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है। चूंकि पानी मानव जीवन के लिए अनिवार्य है इसलिए इस अव्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए तत्काल शुद्ध पेयजल व पर्याप्त समय तक पानी आपूर्ति के लिए निर्देशित किया जाए। ताकि वार्डवासियों को बारिश के दिनों में भी पानी के लिए कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

#### पानी के पीलेपन पर ना जाएं, वह साफ और स्वच्छ है : जल प्रभारी

इस संबंध में नगर निगम के जल प्रभारी सूरज देवांगन का कहना है कि रातभर पानी पाइपलाइन में जमा रहता है। सुबह जब पानी चालू करते हैं तो वही पानी पहले सप्लाई होती है, जिससे वह पीला नजर आता है और लोग उसे खराब पानी समझते हैं, जबकि फिल्टर प्लांट से साफ और स्वच्छ पानी की सप्लाई होती है। प्लांट में अगर पानी को ज्यादा साफ दिखाने के लिए बहुत ज्यादा कैमिकल का उपयोग करेंगे तो पानी उल्टा खराब हो जाएगा। बारिश की वजह से नदी का पानी पीला है तो थोड़ा पीलापन तो दिखेगा ही। कुछ दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। फिलहाल अभी तक कहीं से पानी खराब और बदबूदार आने की शिकायत नहीं मिली है, फिर भी मैं इसे दिखवाता हूं।



## गुणवत्ताहीन सड़क बनाने वाला ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बोईरदादर से विजयपुर व कृष्णवैली कॉलोनी से इंदिरा विहार तक गुणवत्ताहीन दो बीटी सड़क बनाने वाले बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड फर्म के ठेकेदार को निगम प्रशासन ने 1 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। वहीं 23 लाख रूपए अमानत राशि को राजसात करने संबंधी कार्रवाई की गई है। विजयपुर के नवनिर्मित सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे को लेकर हरिभूमि ने मार्च माह में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, जिसका असर देखने को मिला है।

दरअसल वार्ड क्रमांक 47 में बोईरदादर चौक से विजयपुर चौक तक व कृष्णवैली से इंदिरा विहार कॉलोनी तक डामरीकृत सड़क निर्माण का कार्य कृष्ण बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिया गया था। पूर्व में सड़क का निर्माण कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में सड़क के कई जगह गड्ढे हो गए। इन गड्ढों सहित पूरे सड़क की मरम्मत करने के लिए संबंधित फर्म कृष्ण बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी ठेका लेने वाले फर्म ने सड़क मरम्मत का कार्य नहीं किया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कृष्ण बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को 1 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड करते हुए फर्म द्वारा निविदा लेने के एवज में जमा किए गए 23 लाख रूपए अमानत राशि को राजसात करने की कार्रवाई की है। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने कहा कि शहर के विकास संबंधित निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों पर ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई की जाएगी।

**खबर का असर**


87 लाख रुपए की नवनिर्मित सड़क में झांक रही भ्रष्टाचार

**हरिभूमि की खबर का हुआ असर 23 लाख रुपए अमानत राशि किए गए राजसात**

### खबर संक्षेप

#### रेलवे ट्रैक के किनारे मिली बुजुर्ग की लाश

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की सुबह रेलवे ट्रैक किनारे एक बुजुर्ग की लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम मौहापाली निवासी जोगीराम राठिया 60 साल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। शुक्रवार की दोपहर वह घर से निकला था जो देर रात तक नही लौटा। परिजन रात से उसकी पतासाजी कर रहे थे, इसी बीच उन्हें रेलवे ट्रैक के किनारे एक बुजुर्ग की लाश मिलने की जानकारी मिली। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे तो उक्त लाश जोगीरात की थी। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। ग्रामीण आशंका जाहिर कर रहे हैं कि बुजुर्ग रेलवे ट्रैक के किनारे चल रहा होगा। इसी बीच ट्रेन आ जाने से चपेट में आकर उसकी मौत हो गई होगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### शहरी पीएचसी इंदिरानगर का निरीक्षण संपन्न

**रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदिरानगर मोदीनगर रायगढ़ का 11 एवं 12 जुलाई को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस टीम द्वारा दो दिवसीय निरीक्षण किया गया। भारत सरकार के विशेषज्ञों की टीम डॉ. योगेश चंद्रा एवं प्रतीक मोदी द्वारा अस्पताल की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान 12 विभागों की गहन समीक्षा की गई। टीम ने उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सेवाएं, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन एवं आउटकम जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों पर अस्पताल की सेवाओं का परीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत केवल उन्हीं अस्पतालों को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है जो इन कड़े मानकों पर खरे उतरते हैं।निरीक्षण के दूसरे दिन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ. भानुप्रताप पटेल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.केडी पासवान, चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतम्भरा पटेल, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम, स्थानीय पार्षद श्रीमती त्रिवेणी डहरे, आरएमएन सीएचए सलाहकार डॉ. राजेश मिश्रा, अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी, क्षेत्रीय एमटी एवं मितानिन उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक प्रयास से उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सरिया में गौ मांस काट रहे तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सरिया।** महानदी पुल के पास गौ मांस काट रहे तीन लोगों को सरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गौ सेवकों की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सरिया में पहली बार गौ मांस की मांस बरामद होने से गौसेवकों में तीव्र रोष व्याप्त है। इस पर कार्रवाई की मांग पुलिस प्रशासन से की है। बता दे कि कल रविवार को सरिया में दो-दो मंत्रियों के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन जहां व्यवस्था में लगा है। वही गौ मांस की गौ सेवकों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। गौ सेवकों ने सरिया थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को उचित कार्रवाई की मांग की है। घटना के संबंध में बताया गया है कि नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी टिकेश्वर सतनामी व दो अन्य व्यक्ति महेत्तर रात्रे व हलधर सतनामी के द्वारा सरिया परशरामपुर मार्ग पर महानदी पुल के पास सड़क किनारे गौ मांस काट रहे थे। इस दौरान गौ सेवक उक्त रास्ते से गुजर रहे थे और सड़क किनारे गौ मांस काटने की घटना होने पर उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी सरिया प्रमोद यादव को सूचना दी। थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जिसमें टिकेश्वर रात्रे सरिया एवं महेत्तर रात्रे जलगढ, हलधर सतनामी,जलगढ से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से एक कुल्हाड़ी, एक खुरपी, एक मोटरसाइकिल, एक साइकिल तथा बेल का मांस जप्त किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गौ सेवक सरिया थाने पहुंचे और ठोस कार्रवाई की मांग करने लगे। थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि गौ सेवकों की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सरिया परशरामपुर महानदी पुल के पास तीन लोगों ने बैल का मांस के साथ रंगे हाथ पकड़े हैं। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। एक बेसहारा गाय को मार कर काटने की घटना से गो सेवकों में तीव्र रोष व्याप्त है। बता दे की छत्तीसगढ़ में गायों के अवैध परिवहन और मांस बेचने पर बैन लगा हुआ है। इसके बाद भी सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के सरिया तहसील में एक गाय को सड़क किनारे काट रहे दो लोगों को सरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## छाल रेंज में हाथी ने एक मकान को ढहाया मवेशी को भी उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों का उत्पात जारी है। बीती रात एक हाथी ने एक ग्रामीण के मकान को तोड़ते हुए एक मवेशी को भी मौत के घाट उतार दिया है। मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग द्वारा लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

- **क्षेत्र में दहशत का माहौल, वन विभाग ने किया अलर्ट जारी**

जानकारी के अनुसार खडगांव बीट के अंतर्गत आने वाले सिथरा गांव में बीती रात जंगल से गांव पहुंचे एक हाथी ने प्रहलाद राठिया के मकान को तोडते हुए वहां रखे एक बोरी धान को खा गया। इसके बाद हाथी गांव के ही जगसिंह के एक भैंस को भी मौत के घाट उतार दिया। शनिवार की सुबह इस मामले की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। खडगांव बीट में अभी वर्तमान में एक ही हाथी विचरण कर रहा है, जो धान की खुशबू पाकर गांव पहुंचकर एक मकान को तोड़ा है।



#### जिले में 136 हाथी कर रहे विचरण

इन दिनों रायगढ़ जिले में कुल 136 हाथी विचरण कर रहे हैं, जिसमें धमरजयगढ़ वन मंडल में 88 हाथी तो रायगढ़ वनमंडल में 48 हाथियों की मौजूदगी है। सर्वाधिक हाथी बाकारूमा रेंज के तेजपुर में 25, छाल रेंज के बेहरामार में 25, कापू रेंज के कूमा बीट में 13, रायगढ़ वन मंडल के कांटाझरिया बीट में 16, तमनार रेंज के हिंझर में 13, घरघोड़ा रेंज के कटंगडीह में 10 के अलावा अलग-अलग बीट में हाथियों की मौजूदगी है।

#### रात में घर से नहीं निकलने की हिदायत

वन विभाग द्वारा सिथरा, हाटी, खड़गांव सहित जितने भी गांव छाल रेंज में आते हैं वहां के ग्रामीणों को सूचित किया गया है कि एक दंतैल हाथी बीती रात सिथरा बस्ती में घुसा था। ग्रामीण रात में घर से न निकलें क्योंकि हाथी बहुत आक्रमक है, इसलिए सावधानी बरतें।

#### यहां भी हाथियों ने पहुंचाया नुकसान

हाथियों ने अन्य गांव में भी बीती रात मकान व फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें पोटिया में 2 किसानों की फसल, बनहर में 1 मकान और फसल, पुलईआंट में 1 मकान, अलोला के गेहूंबाडी में मकान, झोपडी व फसल नुकसान पहुंचाने के अलावा रायगढ़ वनमंडल के हिंझर में भी 2 किसानों के धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

### केलो नदी की स्वच्छता को लेकर निगम की अच्छी पहल

## कचरा फेंकने पर रोक, निगम ने पुल में लगवाई जाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अब लोग केलो नदी में कचरा व अन्य सामान नहीं फेंक पाएंगे। नगर निगम द्वारा खर्राघाट सावित्री जिंदल पुल के दोनों ओर जाली लगवा दिया है। केलो नदी की स्वच्छता को लेकर नगर निगम की यह अच्छी पहल है, जिसे लोगों की सराहना भी मिल रही है।

दरअसल केलो नदी को प्रदूषित करने में शहरवासियों का भी काफी योगदान रहा है। उनके द्वारा घर का कचरा, पूजन सामग्री यहां तक कि मांस-मटन के अवशेष भी नदी में फेंके जा रहे थे। जिससे नदी तो प्रदूषित हो ही रही थी, साथ ही उसकी सुंदरता पर भी ग्रहण लग रहा था। ऐसे में नगर निगम द्वारा केलो की स्वव्छता को लेकर एक कदम और बढ़ाया गया है। जिसके तहत सावित्री जिंदल पुल के दोनों ओर जाल लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे लोग नदी में कचरा न फेंक सके।



#### दुर्घटना की आशंका भी हुई कम

दरअसल बारिश के समय में नदी में बाढ़ आने पर लोग पुल के उपर से नीचे झांकते नजर आते हैं। ज्यादातर बच्चे पुल की रेलिंग को पकड़ कर कुछ इस तरह की हरकतें करते रहते हैं कि कभी भी वो अनियिंत्रत होकर नीचे गिर सकते हैं। इसके अलावा स्थानीय युवा भी बाढ़ में पुल से नदी में कूद कर मस्ती करते नजर आते हैं। जाली लग जाने से अब यहां इस तरह की गतिविधियां बंद हो जाएंगे और दुर्घटना की आशंका भी कम रहेगी।

#### केलो की सुदंरता को लेकर होंगे कई कार्य

ज्ञात हो कि रायगढ़ विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मागदर्शन में केलो नदी के कायाकल्प की तैयारी की जा रही है। जिसके पहले चरण में नदी को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए जेसीबी, पोकलेन से इसकी सफाई कराई गई। जिससे बारिश में नदी का सुंदर नजारा देखने को मिल रहा है। वहीं इसकी सुदंरता को निखारने के लिए और भी कई कार्य किए जाने हैं, निगम द्वारा इसकी टेंडर प्रक्रिया जल्द जारी करने की बात कही जा रही है।

## शिवा स्टील में मजदूर की मौत के बाद सुपरवाइजर पर अपराध दर्ज

- **पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला, आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा के जिंदल इण्ड्रस्ट्रील पार्क में स्थित मां शिवा स्टील एण्ड एलायज में करीब दो माह पूर्व फर्नेस में ब्लास्ट होने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। मर्ग जांच में पुलिस ने जांच में पाया कि बिना किसी सुरक्षा उपकरण के कार्य करवाये जाने के कारण श्रमिक की मौत हुई है, जिसमें सुपरवाईजर की लापरवाही पाए जाने पर उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिंदल इण्डस्ट्रीयल पार्क में स्थित मां शिवा स्टील एण्ड एलायज कंपनी में 6 मई को ब्लास्ट फर्नेस में ब्लास्ट होने से वहां क्रेन पर चढ़ कर काम कर रहे श्रमिक उपेन्द्र भारती पर गर्म मटेरियल गिरने से उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद पूंजीपथरा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया था। जांच में यह बात सामने आई कि कंपनी का सुपरवाईजर हेमंत सोनी वहां मौजूद था तथा उसकी देखरेख में काम चल रहा था। सुपरवाईजर द्वारा बिना कोई सुरक्षा उपकरण के काम करवाया जा रहा था, जिसके कारण मजदूर उपेन्द्र भारती की मौत हो गई। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने सुपरवाईजर हेमंत सोनी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### हत्यारे की पहचान बताने वाले को 5 हजार का इनाम

**अंबिकापुर।** हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम की घोषणा की है। अज्ञात आरोपी की जानकारी और पहचान बताने वाले के लिए एसएसपी राजेश अग्रवाल ने 5 हजार का नगद इनाम घोषित किया है। बताया जा रहा है कि लखनपुर खजूरपारा निवासी 29 वर्षीया मुनेश्वरी उर्फ आशा राजवाड़े पति श्याम लाल राजवाड़े की 29-30 अप्रैल की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है लेकिन अब तक पुलिस को आरोपी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। ऐसे में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने पुलिस रेग्युलेशन के पैरा 80-ए में निहित दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए घोषणा की है कि जो व्यक्ति प्रकरण के अज्ञात आरोपी के संबंध में ऐसी जानकारी देगा जिससे आरोपी की गिरफ्तारी हो सके या गिरफ्तार कराएगा अथवा गिरफ्तार करेगा उसे 5 हजार रुपए के इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं आरोपी के बारे में जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### 25 बसों से जब्त किए गए प्रेशर हॉर्न

**अम्बिकापुर।** शहर में प्रेशर हॉर्न के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बस व ट्रकों में प्रेशर हार्न लगाकर कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान 25 बसों से प्रेशर हॉर्न जब्त कर 50 हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। बता दें कि भारी वाहनों मे लगे प्रेशर हॉर्न राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए कई प्रकार की परेशानी उत्पन्न करते है, बस एवं ट्रकों से प्रेशर हॉर्न से निकलने वाली तेज आवाज कई लोगों के सुनने की क्षमता भी प्रभावित कर रही है। दुरुस्त यातायात व्यवस्था के साथ साथ नागरिकों के हितो कों संज्ञान मे लेकर एसएसपी राजेश अग्रवाल ने यातायात पुलिस टीम कों ऐसे प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों पर सख़्ती से कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसी कड़ी में यातायात पुलिस टीम ने बस स्टैंड एवं अन्य प्रमुख मार्गो पर भारी वाहनों मे लगे हॉर्न की चेकिंग की गई। बसों मे लगे हॉर्न की जांच की गई जिसमे अधिकतर वाहनों मे प्रेशर हॉर्न लगा हुआ पाया गया। इस दौरान प्रेशर हॉर्न निकलवाने के साथ ही 25 बसों से 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई में यातायात शाखा प्रभारी विजय कैवर्त, उनि अभय तिवारी, सउनि सीपी सिंह, प्रधान आरक्षक विमल सिंह, आरक्षक इंद्रप्रताप, उमेश्वर पैकरा, नगर सैनिक रामदेव राम, विजय साहू, माउंट चालक नागेंद्र, चालक संदीप राजवाड़े सक्रिय रहे।

### सर्पदंश से गंभीर बालिका की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** फुआ के साथ सो रही बालिका को जहरीले सांप ने काट लिया। बालिका को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बेलखरिखा निवासी प्रियांशी सिंह आ. जयन्द्र पाल (9 वर्ष) 14 जुलाई की रात भोजन कर फुआ सुमित्रा के साथ सो रही थी। इसी दौरान रात लगभग 11 बजे सुमित्रा ने पैर में कुछ चलने की आभास होने पर उठी तो उसके होश उड़ गए। पैर से जहरीला सांप गुजरने पर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन सुमित्रा के साथ सो रही प्रियांशी के शरीर की जांच की तो पता चला की सांप ने उसके पैर में काट लिया है। परिजन तत्काल उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### युवक ने दिए उधार पैसा मांगा तो ग्रामीण ने किया जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम पार्वतीपुर निवासी बबल सिरदार आ. रूपन सिरदार (28 वर्ष) गत दिन गांव के प्रधान के यहां बकरा काटने गया था। रात को अपने हिस्से का बकरा बटन लेकर वापस घर आने लगा और जैसे ही घर के समीप पहुंचा तभी राजा बिझिया को देख पूर्व में दिए गए 5 सौ रुपए की मांग करने लगा।

## 2 करोड़ 3 लाख 59 हजार रुपए स्वीकृत

# मुख्यमंत्री ने जिले के 48 मंदिरों के जीर्णोद्धार की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ के धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले को एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार जिले के 48 प्राचीन व जनआस्था से जुड़े मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्यों के लिए 2 करोड़ 3 लाख 59 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा जारी आदेश में मंदिरों के विकास, संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल से न केवल धार्मिक आस्था के केंद्रों को नवजीवन मिलेगा, बल्कि यह योजना स्थानीय रोजगार, पर्यटन और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त बनाएगी। गांव-गांव में बसे श्रद्धा स्थल अब शासन की योजना से भव्य और सुव्यवस्थित रूप में पुनर्निर्मित होंगे।

■ धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ शासन ने धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने जिले के विभिन्न मंदिर का जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृति दी है– ग्राम जामटोली हनुमान मंदिर केन्दपानी 3 लाख रुपए, ग्राम जामटोली हनुमान मंदिर 2 लाख, ग्राम सिरिमकेला नगेराटुकु मंदिर 5 लाख, ग्राम गट्टीबूढ़ा हनुमान मंदिर रायटोली 3 लाख, ग्राम खटगा हनुमान मंदिर रोतियाटोली 3 लाख, ग्राम दोकड़ा हनुमान मंदिर खुटीटोली 5 लाख, ग्राम दोकड़ा राधाकृष्ण मंदिर डेंबुटोली 5 लाख, ग्राम दोकड़ा हनुमान मंदिर डुमरटोली 3 लाख, ग्राम चेटबा हनुमान मंदिर 5 लाख, ग्राम चेटबा गायत्री मंदिर 5 लाख, ग्राम चेटबा श्रीराम मंदिर नारायण बहली 5 लाख, ग्राम देवरी शिव मंदिर फॉस्कोटोली 5 लाख, ग्राम कटंगखार शिव मंदिर जमुन्दा 5 लाख, ग्राम नारियरडांड हनुमान मंदिर कोगाबहरी 5 लाख, ग्राम शब्दमुंडा छातेस्वर महादेव मंदिर 3 लाख, ग्राम पतरापाली के बजरंगबली मंदिर गरियादोहर 5 लाख, ग्राम कोहलनझरिया जगन्नाथ मंदिर 5 लाख,ग्राम खुटगांव बुढ़ा महादेव शिव मंदिर 5 लाख, ग्राम तुमला शिव मंदिर महादेव गुड़ी 5 लाख,ग्राम सिंगीबहार जगन्नाथ मंदिर 5 लाख, ग्राम सपाडांड, पंचायत केरसई - बजरंगबली मंदिर 5 लाख, ग्राम अमडीहा - बजरंगबली मंदिर 5 लाख,ग्राम डुमरिया - शिव मंदिर कालादरहा 2 लाख,ग्राम बोखी- शिव मंदिर लकराघरा 3 लाख, पंचायत अमडीहा में शिव मंदिर कदलकछार 3 लाख, ग्राम पुराइनबंध में कृष्ण मंदिर 5 लाख, ग्राम साजबहार में शिव मंदिर 5 लाख, ग्राम समडमा में शिव मंदिर 5 लाख, ग्राम केन्दईबाहर-काली दुर्गा मंदिर 5 लाख,ग्राम हेठघिंचा - राधाकृष्ण मंदिर 5 लाख ,ग्राम धौरासाड- शिव मंदिर 3लाख ,ग्राम पगुराबहार - मंदिर (सरईटोली) 3 लाख,ग्राम रायकेरा - शिव मंदिर महादेव टोंगरी 5 लाख, ग्राम पण्डरापाठ - नागेश्वर धाम मंदिर 4.79 लाख, ग्राम सन्ना गायत्री मंदिर 5 लाख, ग्राम मनोरा - शिव मंदिर 3 लाख, ग्राम बटुराबहर श्रीराम मंदिर 5 लाख, कुनकुरी थाना परिसर मंदिर 3 लाख, ग्राम दोढ़ीबहर - शिव मंदिर 5 लाख रुपए, ग्राम गिनाबहार में हनुमान मंदिर 3 लाख, ग्राम भेलवटोली बजरंगबली मंदिर में 5 लाख, ग्राम जोरातराई - शिव मंदिर चिटकवाइन 5 लाख, ग्राम सिंदरीमुंडा- श्रीराधाकृष्ण मंदिर पुटूकेला 5 लाख, ग्राम गोरिया - हनुमान मंदिरकोरवाबहारी 5 लाख, ग्राम हेठकापा - शिव मंदिर नोनपानी 3 लाख, ग्राम गोरिया - शिव मंदिर में कुम्हारटोली 3 लाख, ग्राम पंचायत कुनकुरी वार्ड 4 - लक्ष्मी भोलेनाथ मंदिर 5 लाख, श्री जगन्नाथ मंदिर रायकेरा के जीर्णोद्धार के लिए 4 लाख 80 हजार रुपए की लागत से मंदिरों का विकास, संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा।

### लोगों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

स्वीकृति की जानकारी मिलते ही विभिन्न ग्रामों के पुजारियों, समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार जताया और कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के सांस्कृतिक गौरव को सहेजने वाला है। जिससे धार्मिक आस्था के केंद्रों को नवजीवन मिलेगा।

### पुलिस ने 30 लाख कीमत के गुम हुए 120 मोबाइल किए बरामद, संबंधितों को सौंपा

**सूरजपुर।** जिले में गुम हुए मोबाइलों को खोजने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। शुक्रवार को एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बरामद किए गए 120 मोबाइलों को संबंधित व्यक्तियों को सौंपा है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 लाख रुपये है। गुम हुए मोबाइलों को जैसे ही उनके मालिकों को सौंपा उनके चेहरे खिल उठे। महीनों या वर्षों पहले खोए हुए मोबाइल नहीं मिलने से लोग काफी परेशान थे। मोबाइल के गुम होने तथा यूजर्स को होने वाला आर्थिक नुकसान और परेशानियों को ध्यान रखते हुए मोबाइल सर्विलांस में लगाकर ट्रेस कर गुम मोबाइल रिकवर कर मोबाइल धारकों को वापस लौटाया गया। एसएसपी के निर्देशन में गुम हुए मोबाइल को खोजने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही साइबर सेल को मोबाइल गुम होने संबंधी आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले की पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल खोजने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# दूसरी ज़मीन दिखाकर रजिस्ट्री, 45 लाख की ठगी, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


पुलिस गिरफ्त में ठगी के चारों आरोपी।

जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में ज़मीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रिटायर्ड शिक्षक की विधवा पत्नी से दूसरी ज़मीन दिखाकर अन्य खसरा नंबर की रजिस्ट्री कर 45 लाख रुपए की ठगी की गई। इस गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

■ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार आरोपी चढ़े हत्थे

प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातराई निवासी 57 वर्षीय श्रीमती गोरेती मिंज,स्व. अनिल मिंज की पत्नी हैं। उनके पति की मृत्यु के बाद विभाग से उन्हें 56 लाख की आर्थिक सहायता मिली थी। गोरेती मिंज इस राशि से कुनकुरी क्षेत्र में ज़मीन खरीदना चाहती थीं। इस दौरान उनके दामाद ने उन्हें डुगडुगिया निवासी नीरज प्रजापति से मिलवाया जो ज़मीन दलाली का काम करता है। नीरज ने अपने साथी दिलीप राम के साथ मिलकर एनएच-43 किनारे स्थित खसरा नंबर 345/1 की ज़मीन दिखाई और बताया कि ज़मीन दिलीप राम की है। सौदा 3 लाख प्रति डिसमिल की दर से 10 डिसमिल ज़मीन का 30 लाख में तय हुआ। 1 लाख एडवांस देने के बाद 5 मई 2023 को एग्रीमेंट करवा लिया गया। कुछ ही दिनों बाद आरोपी दिलीप राम ने बहन की शादी का बहाना बनाकर 2.5 लाख और ले लिए। **पुलिस की तत्परता से चढ़े शिकंजे में** प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कुनकुरी में अपराध क्रमांक दर्ज कर आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और 120(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ़्तार किया। पुलिस ने नीरज प्रजापति (39 वर्ष), निवासी डुगडुगिया, थाना कुनकुरी,दिलीप राम (29 वर्ष), निवासी खूंटी टोली, थाना दुलदुला, गोवर्धन यादव (32 वर्ष), निवासी सीरिमकेला, थाना दुलदुला,घनश्याम यादव (53 वर्ष), निवासी सीरिमकेला, थाना दुलदुला पूछताछ में चारों ने जुर्म कबूल किया। पर्याप्त सबूत मिलने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राकेश यादव, सहायक उप निरीक्षक ईश्वर वारले, प्रधान आरक्षक छविलाल पैंकरा, आरक्षक चंद्रशेखर बंजारे, भूपेंद्र यादव व नंदलाल यादव की अहम भूमिका रही।

### रजिस्ट्री के समय भी रचा गया धोखा

जब रजिस्ट्री की बारी आई तो आरोपियों ने बहाना बनाया कि कुनकुरी में रजिस्ट्री संभव नहीं है, इसे जशपुर ले चलना होगा। जशपुर में प्रार्थिया को बताया गया कि 345/1 का नक्शा नहीं कट पा रहा, इसलिए 12 डिसमिल ज़मीन रजिस्ट्री करानी पड़ेगी। इसके लिए 6 लाख अतिरिक्त लिए गए और रजिस्ट्री करवा दी गई। रजिस्ट्री के बाद प्रार्थिया ने जब नामांतरण की प्रक्रिया शुरू की, तब चौंकाने वाला खुलासा हुआ। रजिस्ट्री खसरा नंबर 345/14 में हुई थी, न कि दिखाए गए 345/1 में। जांच में पता चला कि दिखाए गए खसरा की ज़मीन पहले ही किसी अन्य को बेची जा चुकी थी और जो ज़मीन रजिस्ट्री हुई है, वह भारत माला प्रोजेक्ट में चली गई है और उसका नामांतरण संभव ही नहीं।

### 21 लाख मुआवजा भी डकार गए

प्रार्थिया के मुताबिक भारत माला प्रोजेक्ट में चली गई ज़मीन के बदले शासन द्वारा 21 लाख मुआवजा दिया गया, जिसे आरोपियों ने खुद हड़प लिया। जब ठगी का एहसास हुआ तो प्रार्थिया ने अपने पैसों की मांग की। इस पर आरोपियों ने 12.60 लाख लौटाए, लेकिन बाकी रकम देने से इनकार कर दिया और टालमटोल करने लगे।

### जनता के साथ धोखा बर्दाश्त नहीं

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि एक महिला से दूसरी ज़मीन दिखाकर धोखाधड़ी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया है। इस तरह की हरकतों को पुलिस बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि कोई भी व्यक्ति ठगी या धोखाधड़ी का शिकार होता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## फरसाबहार में विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



बच्चों को किताबें बांटतीं कौशल्या साय।

**जशपुर ।** फरसाबहार में विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने बच्चों मिठाई खिलाकर और पाठ्य पुस्तक, सामग्री, सायकल वितरण कर बच्चों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिन विषयों में समस्या आ रही है उनको अपने शिक्षकों से अनिवार्य रूप से प्रशन पूछकर समाधान करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा बच्चे ही कल के भविष्य उनको अच्छी शिक्षा देना शिक्षकों का दायित्व है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण ,संरपच जिला शिक्षा अधिकारी,शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

■ सायकिल वितरण पर बच्चों को दी शुभकामनाएं

### बिहान योजना से आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं करुणा

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत पतराटोली विकासखंड दुलदुला की श्रीमती करुणा गुप्ता बिहान योजना के एकता महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाली सशक्त महिला के रूप में उभर रही हैं। समूह की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर वे गांव के तालाब में सामूहिक मछली पालन कार्य कर रही हैं, वहीं व्यक्तिगत रूप से उन्होंने पहले से संचालित अपनी बर्तन दुकान को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 2 लाख का ऋण प्राप्त कर विस्तार दिया। अब वे थोक और खुदरा स्तर पर बिक्री कर रही हैं और इससे उन्हें सालाना लाखों रुपए की आमदनी हो रही है। स्वरोजगार के इस प्रयास से वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं और अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। श्रीमती गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं ने उनके जीवन को नई दिशा दी है।

# डॉक्टर की पर्ची के बिना नशीली दवाएं बेचने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में बढ़ते अपराध, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, एसडीओपी, थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। मीटिंग के दौरान एसएसपी श्री सिंह ने स्पष्ट कहा कि यदि कोई मेडिकल संचालक बिना वैध डॉक्टर पर्ची के नशीली दवाएं बेचते पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। खासतौर पर डेंट्राईट, सुलेशन जैसे पदार्थ बेचकर बच्चों व युवाओं को नशे की ओर धकेलने वालों पर पुलिस अब सीधी कार्रवाई करेगी।

■ अपराध व नशे पर नकेल कसने एसएसपी सख्त
■ अवैध गतिविधियों पर कसेगा शिकंजा


क्राइम मीटिंग लेते एसएसपी शशि मोहन सिंह।

### लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश

मीटिंग में 2025 एवं पूर्व वर्ष के लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान व शिकायतों की चौकीवार समीक्षा की गई। एसएसपी ने थाना प्रभारियों व एसडीओपी को निर्देश दिए कि सभी मामलों का शीघ्र समाधान करें, ताकि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

### गौ-तस्करी व गांजा तस्करी पर लगाम कसने की तैयारी

जिले में हो रहे अवैध कारोबार, गौ-तस्करी, सट्टा, जुआ एवं गांजा तस्करी पर भी सख्त रवैया अपनाने का संदेश दिया गया। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसे मामलों में इंड टू इंड विवेचना कर मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए।

### अवैध प्रवासियों पर विशेष नजर

छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1800-233-1905 के माध्यम से अवैध प्रवासियों व घुसपैठियों की सूचना मिलने पर तुरंत वैधानिक कार्रवाई करने को कहा गया। एसएसपी ने इसे राज्य की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा मसला बताते हुए इसे शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### साइबर अपराधों पर भी नजर

बैठक में ऑनलाइन फ्रॉड, पासपोर्ट सत्यापन, चरित्र प्रमाण पत्र और साइबर पोर्टल से जुड़ी शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। एसएसपी ने कहा कि साइबर सेल से तालमेल बनाकर तत्परता से जांच की जाए।

### पेट्रोलिंग व बीट सिस्टम को बनाए प्रभावी

गश्त व्यवस्था को प्रभावी बनाने हेतु फिक्स प्वाइंट तय कर गश्ती दल को वायरलेस सेट व गश्त रजिस्टर दिया जाएगा। बीट आरक्षकों को अपने क्षेत्र की पूरी जानकारी रखने और हर घटनाक्रम से वरिष्ठों को अवगत कराने को कहा गया।

## शाला त्यागी किशोरियों को किया गया जागरूक

**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था द्वारा विकासखंड पत्थलगांव के 4 पंचायत बंधनपुर, छातासराई, महेशपुर और बीरीडेगा में जीवन झरना विकास संस्था द्वारा गठित शाला त्यागी किशोरियों बेहतर शिक्षा और स्वयं की सुरक्षा और साथ में पर्यावरण संरक्षण के विषय पर जागरूक किया गया। जिसमें उपर्युक्त पंचायत के सरपंच, सचिव, बीडीसी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शाला त्यागी किशोरियां एवं जीवन झरना विकास संस्था संचालिका सिस्टर एनी एवम संबंधित पंचायत में कार्यरत कार्यकर्ता, स्थानीय पत्रकार बंधु एवम पंचायत के प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को शुभांरभ करते हुए जीवन झरना विकास संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत अभिवादन किया इसके पश्चात संस्था की संचालिका एवम कार्यकर्ताओं के द्वारा किशोरावस्था में स्वयं की सुरक्षा बेहतर शिक्षा, एवम पर्यावरण



सुरक्षा के संबंध में एक वृक्ष उदाहरण देते हुए जानकारी दिया गया। जैसे एक छोटा सा पौधा को हम जमीन पर लगाते हैं उसे सही समय पर खाद पानी डालते हैं कीड़े मक़ौडे घास फूस से सुरक्षित करते हैं तब वह धीरे धीरे पेड़ का रूप लेता है और हमारे मानव जीवन में ऑक्सीजन का स्रोत, वायु शुद्धिकरण, जल चक्र, भूमि संरक्षण, आर्थिक महत्व और मानसिक स्वास्थ में सहायक बनता है ।

## इतिहास के व्याख्याताओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत इतिहास विषय के व्याख्याताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा और डीईओ पीके भटनागर के निर्देश पर आयोजित इस कार्यशाला में विषयगत ओरिएंटेशन, संशोधित पाठ्यक्रम की समझ, शिक्षण में आने वाली विषय-विशेष की चुनौतियों का समाधान, और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक परिणाम प्राप्त करने की रणनीतियों पर चर्चा की गई। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु हाई और हायर सेकंडरी विद्यालय के सभी विषय के व्याख्याताओं का उन्मुखीकरण कराया जा रहा है। कार्यक्रम में राजेंद्र प्रेमी ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए शिक्षकों के शैक्षणिक कर्तव्यों, शिक्षा के बदलते स्वरूप और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावों पर प्रकाश डाला। विकास पांडेय ने


शिक्षकों को कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर नवाचार की ओर बढ़ने हेतु एक प्रेरणादायक सत्र प्रस्तुत किया, जो शिक्षकों के मनोबल और नवाचारशील दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है।

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के सपनों को मिल रही नई उड़ान

# स्टूडेंट सैटेलाइट ट्रेनिंग वर्कशॉप में विद्यार्थी सीख रहे हैं सैटेलाइट की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि और नवाचार क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टूडेंट सैटेलाइट ट्रेनिंग वर्कशॉप की शुरुआत हुई। चलने वाली इस छह दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को प्रायोगिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिल रहा है।


कार्यशाला में जिले के 50 होनहार विद्यार्थियों को भाग लेने का अवसर मिला है। प्रशिक्षण का संचालन इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड्स फाउंडेशन से आए विशेषज्ञ शिव सिंह भदोरिया और उनकी टीम के द्वारा किया जा रहा है। वर्कशॉप का मुख्य आकर्षण सैटेलाइट मेकिंग की पूर्ण अवधारणा कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्टूडेंट सैटेलाइट निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित प्रमुख भागों और अवधारणाओं को शामिल किया गया है।


वर्क शॉप में सैटेलाइट की बारिकियां सिखते बच्चे।

**सैटेलाइट के प्रमुख भाग:** पावर सिस्टम – सौर पैनल, बैटरी और पावर मैनेजमेंट यूनिट, जो उपग्रह को ऊर्जा प्रदान करते हैं। कम्युनिकेशन सिस्टम – एंटीना और ट्रांससीवर, जिससे उपग्रह धरती से डेटा भेज और प्राप्त कर सकता है। ऑनबोर्ड कंप्यूटर – उपग्रह का मस्तिष्क, जो सभी कार्यों और सेंसर को नियंत्रित करता है। पेलोड – वैज्ञानिक यंत्र या सेंसर, जो विशिष्ट मिशन उद्धेश्यों की पूर्ति करता है (जैसे कैमरा, टेम्परेचर सेंसर आदि)। स्ट्रक्चर – सैटेलाइट का ढांचा जो सभी घटकों को सहारा देता है और उन्हें सुरक्षित रखता है। एडीसीएस – सैटेलाइट की दिशा और स्थिति नियंत्रित करने वाला सिस्टम। थर्मल कंट्रोल सिस्टम – तापमान को संतुलित रखने के लिए आवश्यक सामग्री और तकनीक।

**अवधारणाएं जो विद्यार्थियों को सिखाई जा रही हैं:** सैटेलाइट का कार्य कैसे होता है और यह कक्षा में कैसे स्थापित होता है। माइक्रो सैटेलाइट एवं क्यूब सैट जैसी श्रेणियां। पृथ्वी के चारों ओर घूमने वाले उपग्रहों की गति और उनके उपयोग। सैटेलाइट डेटा का उपयोग मौसम पूर्वानुमान, संचार, भू-मानचित्रण आदि में। प्रोटोटाइप बनाना और प्रैक्टिकल मॉडल पर कार्य करना। यह अभिनव पहल न केवल विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में प्रेरित कर रही है, बल्कि उनके अंदर वैज्ञानिक सोच, टीमवर्क और रचनात्मकता भी विकसित कर रही है। आईडीवाईएम फाउंडेशन अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अभी तक 5 लाख विद्यार्थियों को जोड़ चुका है, यह इसरो से रजिस्टर्ड एक ट्यूटर संस्था है। कार्यक्रम में इग्नाइटिंग ड्रीम ऑफ़ यंग माइंड्स फाउंडेशन के प्रेम प्रकाश देवांगन और दुर्गेश कुमार ट्रेनर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग पहाड़ी कोरवा बसाहटों में स्वच्छता के लिए कर रहा जागरूक



**जशपुरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा अंतर्गत ग्राम आसनपानी मरंगी दूरस्थ अंचलों और दुर्गम बसाहट विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी पहाड़ी कोरवा ग्राम में सर्प दंश से बचाव जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें घर एवं आंगन की साफ सफाई, पलंग पर सोने की सलाह, तत्काल अस्पताल आने एवं पूर्ण विश्वास के साथ इलाज लेने की सलाह दी गई। स्वच्छता एवं स्वच्छ रहने के अनुभव साझा और टीम बगीचा के द्वारा श्रमदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा स्वच्छ वातावरण निर्मित करते हुए सर्प दंश की घटनाओं में कमी लाने के साथ मृत्यु दर में कमी लाने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के साथ श्रमदान का कार्य प्राथमिकता के साथ ग्राम पंचायतों में लगातार जारी रखा जाएगा।

■ घर आंगन और बाड़ी की नियमित साफ सफाई
■ पलंग पर ही सोने की सलाह



# बंगाली फिल्म बक्शो बोंडी से होगा मेलबर्न महोत्सव का उद्घाटन

**मुंबई।** अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम की बंगाली फिल्म 'बक्शो बोंडी' भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) के 2025 संस्करण की उद्घाटन फिल्म होगी। फिल्म के सह-निर्माता शोम और जिम सरभ हैं। फिल्म का आधिकारिक ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर 14 अगस्त को होगा। फिल्म में तिलोत्तमा शोम ने अदाकारी की है। फिल्म के निर्देशक सौम्यानंद साही हैं। फिल्म की कहानी कोलकाता के एक उपनगर पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक कामकाजी महिला के आसपास घूमती है। अंग्रेजी में 'शैडोबॉक्स' नाम की इस फिल्म का विश्व प्रीमियर 75वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम ने कहा बक्शो बोंडी मेरे दिल के बेहद करीब है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## अपने दम पर बॉलीवुड में कमाया नाम

उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर बरेली से निकलीं प्रियंका चोपड़ा अब एक इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। मॉडलिंग, फिर मिस वर्ल्ड का खिताब, उसके बाद बॉलीवुड में डेब्यू और फिर इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस और कई अवॉर्ड्स। उसके बाद सीधे टिकट टू हॉलीवुड। किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है प्रियंका चोपड़ा की असल जिंदगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने शुक्रवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में शुरुआत साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद हुई। प्रियंका ने साल 2003 में आई फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई'से की। इसमें उनके साथ सनी देओल और प्रीति जिंटा जैसे स्टार भी शामिल थे। इसके बाद इसी साल प्रियंका अक्षय कुमार और लारा दत्ता के साथ फिल्म 'अंदाज' में नजर आईं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और प्रियंका इंडस्ट्री की नजरों में आ गईं। उसके बाद साल 2004 में प्रियंका सलमान खान-अक्षय कुमार के साथ फिल्म मुझसे शादी करोगी जैसी एक और सफल फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस आईं।

इसी साल प्रियंका ऐतराज में निगेटिव रोल में नजर आईं और अवॉर्ड भी जीता। इसके बाद प्रियंका इंडस्ट्री में पूरी तरह से स्थापित हो गईं। बॉलीवुड में सफलता पाने के बाद और हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बनने के बाद प्रियंका ने रुख किया हॉलीवुड का। साल 2015 में वो पहली बार अमेरिकन टीवी सीरीज क्वांटिको में नजर आईं। इस सीरीज के दो सीजन आए दोनों में प्रियंका नजर आईं और उनके काम की तारीफ भी हुई और उन्हें अवॉर्ड भी मिले। इसके बाद साल 2017 में वो हॉलीवुड की एक्शन-कॉमेडी फिल्म बेवॉच में नजर आईं।



## हॉलीवुड मसाला




# मोर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** वार्नर ब्रदर्स ने मॉर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। यह फिल्म 24 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। तीन घंटों के अंदर फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर 80 हजार से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। ट्रेलर में लॉर्ड रैडेन जॉनी केज को मॉर्टल कॉम्बैट टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए बुलाते हैं। इसमें किटाना, शाओ खान, लियू कांग, जैक्स और बाराका जैसे किरदार दिखते हैं। यह फिल्म पहले की तुलना में ज्यादा हास्यपूर्ण और रोमांचक है, जो जॉनी केज के मजेदार स्वभाव के कारण और आकर्षक लगती है।



# हूज सॉरी नाउ गाने से हुई कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी संगीत जगत की एक चमकती हुई आवाज हमेशा के लिए खामोश हो गई है। स्टूपिड क्यूपिड, प्रिटी लिटिल बेबी और हूज सॉरी नाउ? जैसे हिट गानों से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली मशहूर गायिका कोनी फ्रांसिस का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। कोनी फ्रांसिस का सिंगिंग कॅरियर 1957 से 1964 तक अपने सुनहरे दौर में था। उस समय जब रॉक एन रोल म्यूजिक का क्रेज तेजी से बढ़ रहा था, तब कोनी ने अपनी मधुर और दिल को छू लेने वाली आवाज से फैंस के दिलों में खास जगह बना ली। वो उस समय की पहली सफल महिला गायिकाओं में से एक थीं, जिनके गाने लगातार टॉप म्यूजिक चार्ट्स में बने रहते थे। उनके कॅरियर की शुरुआत 'हूज सॉरी नाउ?' जैसे सुपरहिट गाने से हुई, जो रातोंरात वायरल हो गया था। इसके बाद 'द हार्ट हेज ए माइंड ऑफ इट्स ओन' और 'डोन्ट ब्रेक द हार्ट डेट लव्स यू' जैसे गानों ने उनकी पहचान को और मजबूत किया। उनकी गायकी की खासियत थी उसमें छुपे इमोशन्स और दर्द, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को आकर्षित करती रही।



# पसंद आई प्यार और जुनून की कहानी

**मुंबई।** मोहित सूरी की फिल्म सैयारा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। आशिकी 2 और एक विलेन जैसी यादगार सुपरहिट लव स्टोरी देने वाले मोहित सूरी इस बार एक नई प्रेम कहानी के साथ लौटे हैं। फिल्म में इश्क, जुनून, दर्द और तड़प की कहानी को दिखाया गया है। सैयारा पूरी तरह से एक रोमांटिक-लव स्टोरी है। फिल्म के गाने पहले से ही सुपरहिट हो चुके हैं। सैयारा देखकर लौटे अधिकांश लोग फिल्म से संतुष्ट नजर आ रहे हैं और फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इस फिल्म ने मुझे रुलाया और मुझे प्यार और भरोसे पर फिर से यकीन करना सिखाया है। यह एक शानदार इमोशनल फिल्म है। सिनेमाहॉल से एक वीडियो भी सामने आ रहा है, जिसमें एक शख्स फिल्म देखकर काफी भावुक हो गया और रोने लगा।



# देश को बचाने निकली हिम्मत सिंह की सेना

**मुंबई।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और हिम्मत सिंह एक बार फिर देश को बचाने के लिए हाजिर हो गए हैं। केके मेनन स्टारर स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज हो चुका है। रिलीज होते ही स्पेशल ऑप्स 2 सुर्खियों में भी आ गया है और सोशल मीडिया पर लोग शो की कहानी से लेकर लोगों के अभिनय तक की तारीफ कर रहे हैं। स्पेशल ऑप्स के इस नए सीजन में एआई के बढ़ते इस्तेमाल से होने वाले खतरों के बारे में दिखाया गया है। कैसे एआई देश के लिए और लोगों के लिए खतरा हो सकता है। इस बार की कहानी देश के टॉप एआई साइंटिस्ट डॉ. पीयूष भार्गव के अपहरण और हिम्मत सिंह की टीम को उन्हें ढूंढने पर आधारित है। डॉ. पीयूष भार्गव ऐसे सीक्रेट्स जानते हैं जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं। ऐसे में रॉ की टीम उन्हें ढूंढने में लग जाती है।

## टीवी मसाला




# दयाबेन बनकर दिशा ने हमेशा हंसाया है सबको

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में दया बेन यानी दिशा वकाणी काफी समय से गायब हैं। फैंस दिशा को दयाबेन के रूप में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि बीच में कई बार ऐसी खबर आई कि दिशा की जगह अब नई दयाबेन आएगी, लेकिन फिर ये खबरें बंद हो जाती हैं। अब शो में सोनू का किरदार निभा चुकीं निधि भानुशाली ने दया बेन को लेकर बात की। निधि से पूछा गया कि क्या वह दिशा को तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में देखना चाहते हैं? इस पर निधि बोलती हैं कि यह फैसला दिशा को ही लेना पड़ेगा और जो भी उनका फैसला हो दर्शकों को उनके फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। निधि ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि हम में से कोई फैसला ले सकता है। यह उनकी लाइफ है, उनकी जर्नी है और सिर्फ उन्हें हक है वह क्या करना चाहती हैं।' निधि ने आगे कहा, 'बतौर दर्शक हम सब चाहते हैं कि दिशा कमबैक करें, लेकिन हमें उनके हर फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में हमेशा हमें हंसाया है।'

## नजर आएगी विवयन और दीपिका की जोड़ी

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का चेहरा रह चुके विवियन डीसेना और दीपिका कक्कड़ के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। बिग बॉस के घर में नजर आ चुके ये एक्टर्स जल्द ही एक नए प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। विवियन और दीपिका का ये प्रोजेक्ट ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस के तहत बनेगा। इस शो से दोनों टीवी एक्टर्स की छोटे



पर्दे पर वापसी होगी। विवियन और दीपिका के इस सीरियल की शूटिंग साल 2026 में शुरू होगी। दीपिका कक्कड़ की बात करें तो आखिरी बार उन्हें सिलेब्रिटी मास्टर शेफ्स में देखा गया था। इसके बाद उन्हें कैंसर हो गया था। कैंसर की वजह से दीपिका कक्कड़ ने टीवी की दुनिया से दूरी बना ली थी। हाल ही में दीपिका की सर्जरी हुई थी। विवयन डीसेना की बात करें तो वो बिग बॉस 18 के घर में नजर आ चुके हैं। विवियन डीसेना कलर्स टीवी के शो मधुबाला, शक्ति और सिर्फ तुम जैसे हिट शोज में भी नजर आ चुके हैं। ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित प्रोडक्शन हाउस में से एक है। विवियन और दीपिका के शो की कहानी या नाम को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# हॉलीवुड नहीं, बॉलीवुड में बनी थी पहली सुपरमैन

**मुंबई।** जब भी हम सुपरहीरो फिल्मों की बात करते हैं, तो सबसे पहले मन में हॉलीवुड की फिल्मों का नाम आता है। जैसे - स्पाइडरमैन, बैटमैन या फिर सुपरमैन। खासकर सुपरमैन, जो 1978 में आई हॉलीवुड फिल्म से पूरी दुनिया में मशहूर हुआ था, जिसमें क्रिस्टोफर रीव ने सुपरमैन वाले किरदार को निभाया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि भारत ने इस फिल्म से भी 18 साल पहले ही सुपरमैन की फिल्म बना दी थी?




### हॉलीवुड से भी पहले भारत ने सुपरमैन फिल्म बना दी थी

भारत ने हॉलीवुड की फिल्म सुपरमैन जो 1978 में आई थी, उससे भी 18 साल पहले ही सुपरमैन पर फिल्म बना दी थी और इससे भी ज्यादा हैरानी की बात ये है कि उस फिल्म में सुपरमैन बनी थीं एक फीमेल एक्ट्रेस और वो थीं निरूपा रॉय, जिन्हें बाद में मां के रोल के लिए पहचाना जाने लगा। साल 1960 में आई इस फिल्म की कहानी और स्टाइल पूरी तरह से सुपरहीरो बेस्ड थी, जिसमें उड़ने वाले सीन्स, ताकतवर हीरोइन और क्राइम से लड़ाई दिखाई गई। इस फिल्म में सबसे दिलचस्प बात ये थी कि इसमें निरूपा रॉय ने सुपरमैन जैसी भूमिका निभाई थी। उस दौर में एक एक्ट्रेस को इतने दमदार और सुपरमैन जैसे किरदार में दिखाना एक बड़ी बात थी।

### इंडियन 'सुपरमैन' बनने के साथ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

आपने कई फीमेल सुपरहीरो देखे होंगे, जैसे मार्वल की कैप्टन मार्वल, इलेक्ट्रा और ब्लैक विडो। डीसी ने भी कैटवुमन जैसी दमदार फीमेल सुपरहीरो पर फिल्में बनाई हैं। लेकिन, ऐसा दुनिया में पहली और अभी तक आखिरी बार हुआ है कि कोई महिला 'सुपरमैन' बनकर आई थी वो भी 1960 की बॉलीवुड फिल्म में। ऐसा अभी तक नहीं हुआ कि सुपरमैन का किरदार किसी महिला ने निभाया हो। ऐसा करने वाली निरूपा रॉय दुनिया की पहले एक्ट्रेस बन चुकी हैं।

# फिल्म की कहानी पर भारी पड़ा किरीती का डांस




**मुंबई।** राधाकृष्ण रेड्डी के निर्देशन में बनी फिल्म जूनियर 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की तरफ से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली। यह कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी के बेटे किरीती रेड्डी की पहली फिल्म है। इसमें श्रीलीला और जेनेलिया देशमुख अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'जूनियर' में अभि नाम के एक युवक की कहानी है, जो विजय सौजन्या के अधीन काम करता है। उसे जल्द ही जेनेलिया और उसके पिता के अतीत के बारे में कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलती हैं। वह इन बातों की खोज करता है जो उसके पिता के साथ उसके रिश्ते को बदल सकते हैं। फिल्म 'जूनियर' के प्रमोशन के दौरान, किरीती जूनियर एनटीआर के प्रति अपने प्यार का खुलकर इजहार करते रहे हैं। ऐसे में एक यूजर ने कहा है किरीती के डांस मूव्स युवा एनटीआर जितने ही बेहतरीन हैं। यूजर ने एक्स पर लिखा 'डांस मूव्स और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी ऐसा लग रहा है जैसे मैं टाइगर को देख रहा हूं। सच में।' एक एक्स यूजर ने लिखा है 'नए कलाकार के रूप में किरीती एक शोस्टॉपर हैं! उनके डांस की बेजोड़ ऊर्जा ने पर्दे पर चार चांद लगा दिए। जंग वाले दृश्यों में उनकी उपस्थिति अच्छी थी। उनके अभिनय में सहजता बेहद मनमोहक है। इस शानदार शुरुआत के साथ, उनका भविष्य उज्ज्वल है।

## कानन देवी की कहानी है साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण

# भारत की पहली लेडी सुपरस्टार, लेकिन रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आज भारतीय सिनेमा में कई महिलाएं प्रमुख अभिनेताओं के बराबर चमक रही हैं। वे अभिनय के अलावा निर्माता, गायक के रूप में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। लेकिन, भारत की आजादी से पहले ही भारतीय सिनेमा की पहली 'लेडी सुपरस्टार' ने यह सब कर दिखाया था। वह हैं बंगाली सिनेमा की पहली सुपरस्टार कानन देवी। मेलोडी क्वीन के नाम से मशहूर कानन देवी एक बेहतरीन अभिनेत्री, गायिका और फिल्म निर्माता थीं। उनकी मधुर आवाज, भावनात्मक अभिनय और साहसी व्यक्तित्व ने उन्हें दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी. हालांकि, कनन देवी का शुरुआती जीवन इतना आसान नहीं था।



### जयदेव थी पहली फिल्म

*पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 22 अप्रैल 1916 को जन्मी कानन देवी गरीबी में पली-बढ़ीं। उनके बचपन का अधिकांश समय गरीबी में बीता। उनके पिता की मृत्यु के बाद, वह अपने रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम करने लगीं। 10 साल की उम्र में, एक दोस्त की मदद से उन्हें मूक फिल्मों में काम करने का मौका मिला। 1926 में रिलीज हुई जयदेव उनकी पहली फिल्म थी, जिसमें उन्हें केवल पांच रुपए का वेतन मिला। यही उनके सिनेमा कॅरियर की शुरुआत थी।*

### अभिनय के साथ गाने भी गाए

*बाद में, उन्होंने बोलती फिल्मों में भी काम किया और अपनी पहचान बनाई। जोरभारत (1931), मां (1934), मनमय गर्ल्स स्कूल (1935) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। मुक्ति (1937) और विद्यापति (1937) की सफलता ने उन्हें सुपरस्टार का दर्जा दिलाया। इंमें उन्होंने न केवल अभिनय किया, बल्कि अपनी मधुर आवाज से गाने भी गाए और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई और एक समय ऐसा आया जब उन्हें भीड़ से बचाने के लिए सुरक्षा दी गई।*

### खुद की प्रोडक्शन कंपनी में बनाईं फिल्में

उस समय में ही उन्होंने श्रीमती पिक्चर्स नाम से अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी शुरू की और फिल्में बनाईं। इसी तरह, सव्यसाची कलेक्टिव नामक कंपनी भी शुरू की और बंगाली साहित्य पर आधारित फिल्में बनाईं, जिससे वह भारत की पहली महिला फिल्म निर्माता बनीं।

### दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किया सम्मानित

उस समय में एक महिला का फिल्म में अभिनय करना और फिल्में बनाना आसान नहीं था। इसलिए, इसे एक क्रांति के रूप में देखा गया। कानन देवी ने अपनी फिल्मों के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की। तीन दशकों तक सिनेमा में सक्रिय रहीं और लेडी सुपरस्टार के रूप में जानी गईं। 1968 में उन्हें पद्मश्री और 1976 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### वैवाहिक जीवन में कठिनाइयों का किया सामना

सिनेमा में स्टार होने के बावजूद, कानन देवी ने अपनी वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने दो शादियां कीं। पहली शादी ब्रह्म समाज के प्रसिद्ध विद्वान हरंबा चंद्र मैत्रा के बेटे अशोक मैत्रा से की। इस शादी का कड़ा विरोध हुआ। एक महिला के रूप में फिल्मों में काम करने के कारण उनकी शादी का विरोध हुआ। हालांकि, पहली शादी पांच साल में ही टूट गई। इसके बाद, कानन देवी ने दूसरी शादी हरेंद्रनाथ चक्रवर्ती से की। उनके एक बेटा हुआ। हालांकि, पहली शादी के संकट से उबरने में कानन देवी को काफी समय लगा। इसी बीच, 1992 में उनका निधन हो गया। लेकिन, गरीबी से उठकर सिनेमा में प्रवेश कर, जो कोई भी महिला नहीं कर पाई, वह सब कर दिखाने वाली कानन देवी की कहानी साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### नवीन पाठ्यपुस्तकों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**धरमजयगढ़।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) धरमजयगढ़ में कक्षा 6वीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर 5 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण 14 से 18 जुलाई तक आयोजित किया गया। इसमें रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ के 10 विकासखंडों के विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्घाटन डाइट प्राचार्य अनिल पैंकरा और प्रभारी अनिल गवेल ने किया। प्रशिक्षण में पाठ्यपुस्तकों के परिवर्तनों, शिक्षण विधियों और कक्षा में गतिविधि आधारित अध्यापन पर फोकस किया गया। प्रशिक्षकों में संतोष पटेल, सपन मंडल, खिलावन निराला, अर्चना एक्का, ब्रिजिट एक्का, सेत सिदार प्रमुख रूप से शामिल रहे। आगामी चरणों में गणित, अंग्रेज़ी, हिंदी और संस्कृत विषयों पर प्रशिक्षण प्रस्तावित है।

### सूक्ष्म खाद्य उद्योगों के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन मांगे गए हैं। योजना का उद्देश्य स्थानीय खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहित करना है। इस योजना में चना मुर्रा, पेठा, पापड़, अचार, नमकीन, बेकरी, राईस मिल, आटा चक्की, मशाला उद्योग जैसे विभिन्न खाद्य उत्पादों को शामिल किया गया है। व्यक्तिगत उद्यमों के साथ-साथ स्व सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठन और सामान्य सुविधा केंद्र भी पात्र हैं।उपयुक्त आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उन्हें आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड और पैन कार्ड जैसे दस्तावेज़ अपलोड करने होंगे। पात्र इकाइयों को 35% तक पूंजीगत अनुदान और ब्याज में छूट भी प्रदान की जाएगी।

### कैंटीन संचालन के लिए निविदाएं आमंत्रित

**रायगढ़।** रायगढ़ कलेक्टोरेट परिसर स्थित कैंटीन के संचालन हेतु 2025-26 के लिए वार्षिक ठेका आधारित निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक और योग्य व्यक्ति/संस्थान 12 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र जिला नाजिर कार्यालय से 500 शुल्क पर प्राप्त किए जा सकते हैं या जिले की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम समय सीमा 12 अगस्त की दोपहर 3 बजे है और यह उसी दिन शाम 5 बजे खोली जाएगी। निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

### सही समय पर बहनों की राखी पहुंचेगी

**रायगढ़।** रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए भारतीय डाक विभाग ने बहनों की राखियाँ समय पर और सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष पहल की है। डाक विभाग ने 10 रुपये कीमत वाला विशेष राखी लिफाफा जारी किया है जो राज्य के सभी प्रधान और उपडाकघरों में उपलब्ध है। रायगढ़ शहर में विशेष पीली पत्र पेटियां चक्रधरनगर उपडाकघर, सदर बाजार, सत्तीगुड़ी चौक सहित कई स्थानों पर लगाई गई हैं। इन पेटियों में भेजी गई राखियों का त्वरित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। लिफाफे पर स्पष्ट और साफ अक्षरों में पूरा पता और पिनकोड लिखना अनिवार्य होगा। प्रधान डाकघर रायगढ़ में विशेष काउंटर की भी व्यवस्था की गई है, जहां बहनें स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक के माध्यम से राखियाँ भेज सकती हैं।

### छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का कोटा बढ़ा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी का लक्ष्य 70 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 78 लाख मीट्रिक टन कर दिया है। इस निर्णय को राज्य सरकार ने ऐतिहासिक करार दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी का आभार जताते हुए कहा कि यह फैसला प्रदेश के अन्नदाताओं के परिश्रम को सम्मान देने वाला कदम है। इससे किसानों को बेहतर मूल्य, समय पर भुगतान और खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता मिलेगी।

3 एजेंसी को निलंबित कर 3.70 लाख का लगाया जुर्माना, 6 गाड़ियां भी बैन

# एनटीपीसी पर लगा जुर्माना तो प्रबंधन ने परिवहनकर्ताओं के खिलाफ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





फ्लाईएश के नियम विरुद्ध अवैध परिवहन और निपटान को लेकर जिला प्रशासन उद्योगों पर लगातार सख्ती बरत रहा है। 17 जुलाई को एनटीपीसी के 6 वाहनों द्वारा कलमी में फ्लाईएश के अवैध रूप से निपटारे की शिकायत पर क्षेत्रीय पर्यावरण मंडल द्वारा एनटीपीसी पर 4 लाख 5 हजार रूपए की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई गई। इस कार्रवाई के बाद एनटीपीसी ने भी अपने स्तर पर परिवहनकर्ता एजेंसीज और वाहनों के खिलाफ कदम उठाया है।

कलेक्टर चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एनटीपीसी लिमिटेड लारा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट द्वारा अवैध अपवहन में संलिप्त 6 वाहनों को प्रतिबंधित करते हुए संबंधित 3 एजेंसी के कार्य को निलंबित किया गया है एवं परिवहनकर्ता वाहनों पर 50 हजार रूपए की दर से कुल 3 लाख रूपए तथा परिवहनकर्ता एजेंसी पर 3 लाख 70 हजार रूपए जुर्माना लगाया गया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय को फ्लाई ऐश के परिवहन, अपवहन एवं इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट और मॉनिटरिंग सिस्टम के शत प्रतिशत पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपेक्ष्य में मंडल द्वारा सतत निगरानी एवं अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। 17 जुलाई को एनटीपीसी लिमिटेड, लारा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के फ्लाई एश परिवहनकर्ता वाहनों द्वारा जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड के ग्राम कलमी स्थित भूमि पर अवैध फ्लाई ऐश अपवहन किये जाने की शिकायत विभाग को मिली। क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ द्वारा शिकायत की जांच की गई। जांच में एनटीपीसी लिमिटेड के 06 वाहनों द्वारा स्थल पर फ्लाई ऐश का अवैध अपहवन करते हुए पाया गया। उद्योग से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त फ्लाई ऐश को रोड निर्माण एवं भू भराव हेतु रायपुर तथा बलौदाबाजार ले जाया जाना था, जिसके स्थान पर उक्त स्थल पर फ्लाई ऐश का अवैध रूप से अपहवन हेतु लाया जाना पाया गया। उक्त उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए मंडल द्वारा उद्योग के ऊपर 4 लाख 5 हजार रूपए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई।

### थर्मल प्लांट्स की बैठक में दिए कड़े निर्देश

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी के निर्देश पर क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी द्वारा 18 जुलाई को जिले के थर्मल पॉवर प्लांटों की बैठक ली गई। बैठक में पॉवर प्लांटों को फ्लाई ऐश का परिवहन एवं अपवहन नियमानुसार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। नियमानुसार फ्लाई ऐश का परिवहन एवं अपवहन नहीं किये जाने पर उद्योग पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई एवं उद्योगों को फ्लाई ऐश परिवहनकर्ता एवं परिवहनकर्ता एजेंसियों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।



## पुसौर की खाद दुकानों पर छापा अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुसौर ब्लॉक की उर्वरक दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.के. पटेल और उनकी टीम ने 15 दिनों तक जांच अभियान चलाया।

ग्राम कोतासुरा, छिछोर उमरिया, पुटकापुरी, नेतनागर, कोडपाली, सुपा, सेमरा और तरडा सहित कई गांवों की दुकानों में डीएपी और यूरिया की बिक्री में अनियमितता पाई गई। मेसर्स बाबा मोहन दास अग्रवाल, लक्ष्य कृषि केन्द्र, संतोष कृषि केन्द्र के खिलाफ कार्रवाई की गई। डीएपी खाद की कमी पर अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा 18% पोटाश युक्त खाद वैकल्पिक रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को इसके उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### ठेकेदार की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**देवरी-सारागांव।** ठेकेदार प्रतिस्पर्धा के चलते ठेकेदार की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों द्वारा ठेकेदार की हत्या करना स्वीकार किया। घटना सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद का है। इस संबंध में सारागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को थाना सारागांव को सूचना मिली कि ग्राम कमरीद निवासी कीर्तन गबेल के नव निर्मित मकान में वहां किराये से रहने वाले 62 वर्षीय प्रेमलाल पाण्डेय निवासी बीरसिंगपुर जिला शहडोल (म.प्र.) का शव फांसी के फंदे में झुलते मिलने की खबर प्राप्त होने पर थाना सारगांव पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर शव का निरीक्षण कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में मर्ग प्रकरण की जांच को गंभीरता से लेते हुए थाना सारागांव पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया मृत्यु संदेहास्पद होने से घटना की सूचना से जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

## ओपी आज सरिया में करेंगे तहसील कार्यालय का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी आज रविवार को सरिया में नवीन रजिस्ट्री कार्यालय व तहसील कार्यालय तथा नगर पंचायत परिसर पर अटल परिसर का लोकार्पण करेंगे।

मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी रविवार सुबह 11 बजे सरिया पहुचेगे और सबसे पहले पुलिस थाना के सामने नवनिर्मित तहसील कार्यालय व इसी परिसर में रजिस्ट्री कार्यालय का लोकार्पण करने के बाद नगर पंचायत परिसर में बने अटल परिसर अटल जी की प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद राधेश्याम राठिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री व राजस्व मंत्री टंकधर वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर सारंगढ़ बिलाईगढ जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जवाहर नायकए जिला पंचायत सदस्य सरिता नायक के साथ.साथ नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवालए उपाध्यक्ष अरुण शराप एवं पाषर्दगण की विशिष्ट उपस्थिति में सरिया में एक साथ तीन कार्यक्रमों का लोकार्पण संपन्न होगा।

### फसल बीमा हेतु आवदेन की अंतिम 31 तक

**रायगढ़।** खरीफ 2025 के लिए फसल बीमा योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले के सभी ग्रामों को अधिसूचित किया गया है। राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस बार धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, मूंग, मूंगफली, रागी और अरहर फसलों का बीमा किया जाएगा। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि योजना का लाभ ऋणी और अऋणी दोनों तरह के किसान ले सकते हैं। ऋणी किसान अपने ऋण प्रदायक बैंक के माध्यम से बीमा आवेदन कर सकते हैं, वहीं अऋणी किसान सीएससी, डाकघर या राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) से नामांकन कर सकते हैं। अऋणी किसानों को आवेदन के साथ नवीनतम आधार कार्ड, भूमि प्रमाण पत्र (बी-1/पी-2), बैंक पासबुक की प्रति, फसल बुवाई प्रमाण पत्र या स्वघोषणा पत्र, वैध मोबाइल नंबर और यदि बटाईदार हों तो साझेदारी का घोषणा पत्र भी देना होगा। इस योजना के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपने फसल बीमा प्रस्ताव जमा कर योजना का लाभ उठाएं।

## सर्पदंश से बचाव के लिए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मानसून सीजन में बढ़ते सर्पदंश के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सर्पदंश विषाक्तता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश और सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आरोग्यम सभागार में संपन्न हुआ। कार्यशाला में जिला के संवेदनशील क्षेत्रों लैलूंगा, धरमजयगढ़, तमनार और घरघोड़ा के खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने अधीनस्थ स्वास्थ्य केंद्रों में एन्टी स्नेक वेनम और जरूरी संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में डॉ. विकास शर्मा और डॉ. सुमित कुमार (मास्टर ट्रेनर्स) ने सर्पों की पहचान, सर्पदंश के लक्षण, प्राथमिक उपचार और त्वरित उपचार व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देरी या झाड़-फूंक जैसी परंपरागत पद्धतियों से मरीज की जान जोखिम में पड़ सकती है। कार्यक्रम में टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानु पटेल, नोडल अधिकारी डॉ. केनन डेनियल, कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा समेत सभी विकासखंडों के आरएमए, स्टाफ नर्स और चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

### नाबालिग को झांसा देकर अनाचार, गिरफ्तार

**नवागढ़।** नाबालिक बालिका के साथ अनाचार करने वाला आरोपी को हरियाणा से पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर 18 जून को थाना नवागढ़ में धारा 137 (2) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जांजगीर विजय कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अशोक वैष्णव के नेतृत्व में सायबर तकनीकी के आधार पर आरोपी और अपहता पतासाजी हेतु टीम गुरुग्राम हरियाणा भेजा गया जहां से अपहता को आरोपी सुमित मनोहर के कब्जे से बरामद कर किया गया। आरोपी सुमित मनोहर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया को नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किया।

### महिला पर प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** जमीन विवाद को लेकर महिला पर प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भैंसदा का है।इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैंसदा निवासी प्रार्थी दोहर दास निवासी भैंसदा थाना नवागढ़ के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज किराया की 16 जुलाई को यह अपने ससुराल डूडगा से जांजगीर गया था । इसी दौरान 16 जुलाई की रात्रि 11 बजे इसका बड़ा भाई गिरधरलाल सूर्यवंशी फोन कर बताया कि गांव का हीरेंद्र तरुण घर अंदर घुस कर तेरी भाभी को फरसे से मार दिया है । खबर सुनते ही अपने दोस्त नागेंद्र के साथ पहुंचा घर से खून से लतपथ हालात में इसकी भाभी को ईलाज कराने के लिए लेकर जा रहे थे। इसी दौरान 16 जुलाई की रात्रि करीबन 9-10 बजे के बीच गांव का हीरेंद्र घर आकर दरवाजा खट खटाने लगा दरवाजा खोलने पर हिरेंद्र अपने हाथ में लोहे के फरसा रखा हुआ था और बोल रहा था कि 33 डिसमिल जमीन नहीं बेचे हो किसी और को बेच दिए हो और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी दौरान भाभी बीच में आई तो हिरेंद्र ने अपने हाथ में रखे फरसे से मार दिया। जिससे सिर पर चोट आई और खून निकल रहा है। शाम को भी आरोपी के द्वारा जमीन को मुझे दो नहीं तो में तुम लोगों को जान से मारदूंगा बोलकर धमकी देकर गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में धारा 109(1) बीएनएस कायम किया गया।

## हरियर छत्तीसगढ़ के तहत बुनगा में किया गया 300 पौधों का वितरण

**बुनगा।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से हरियर छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत जिला आयुष विभाग द्वारा एक पौधरोपण और वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. अजय नायक ने किया, जिसमें 300 से अधिक औषधीय और फलदार पौधे ग्रामीणों को निःशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर नीम, तुलसी, गिलोय, एलोवेरा जैसे औषधीय और आम, कटहल, अमरूद, जामुन जैसे फलदार पौधों का वितरण किया गया। लोगों को अपने-अपने घरों में पौधे लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में डॉ. जागृति पटेल, सरपंच बेदप्रकाश साव, उपसरपंच दीनबंधु साव, पंच सुरेंद्र यादव, सामाजिक संस्था गृहिणी मैत्री सहित कई ग्रामीण सक्रिय रूप से शामिल हुए।




## सांसद राधेश्याम ने कृषकों को तिल बीज अन्य आदान सामग्री का किया वितरण



**रायगढ़।** लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने आज ग्राम घरघोड़ा में आयोजित कार्यक्रम में तिलहन फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषकों को तिल बीज एवं अन्य आदान सामग्री का वितरण किया। यह आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा किया गया, जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत तिलहन फसल के क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए तिल फसल किस्म उन्नत रामा के 50 एकड़ क्षेत्रफल में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री राठिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा हमारे प्रदेश की कृषि शक्ति को सशक्त बनाने के लिए यह जरूरी है कि हम तिलहन फसलों के क्षेत्रफल और उत्पादन को बढ़ाएं। यह न केवल खाद्य सुरक्षा में योगदान करेगा बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि करेगा। इसके साथ ही जैविक खेती को अपनाकर किसानों को नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार कृषि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। डॉ.एसआरके सिंह, निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जबलपुर और डॉ. एसएस टुटेजा, निदेशक, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने इस कार्यक्रम में मार्गदर्शन किया। उन्होंने कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी और तिलहन फसल के उत्पादन में वृद्धि के उपायों पर प्रकाश डाला।

## छिछोर उमरिया में पौधरोपण के साथ गणवेश की गई वितरित



**पुसौर।** ग्राम छिछोर उमरिया में वृहद पौधरोपण और स्कूल यूनिफॉर्म वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान और जनपद सदस्य मुक्तेश्वर पंडा की उपस्थिति में दर्जनों पौधे लगाए गए और छात्रों को ड्रेस वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान सरपंच रामेश्वरी महेन्द्र साव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने पर बल दिया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और मां भारती की वंदना की। जनपद अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब उसमें संस्कार भी जुड़ा हो। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी।

वन विभाग ने जारी किया गज संकेत ऐप

# ऐप से हाथियों के आगमन की मिलेगी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



हाथी-मानव द्वंद को कम करने और समय रहते ग्रामीणों को सतर्क करने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा गज संकेत मोबाइल एप का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को धरमजयगढ़ वनमंडल के काष्ठागार परिसर में यह एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ जिसमें रायपुर से आई प्रशिक्षिका ने क्षेत्रीय वन अधिकारी, हाथी मित्र दल और हाथी ट्रैकर्स को एप की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गज संकेत एप के जरिए पंजीकृत ग्रामीणों को उनके इलाके में हाथी के विचरण की सूचना टेक्स्ट मैसेज और फोन कॉल के माध्यम से प्राप्त होगी।

अब तक बड़ी संख्या में ग्रामीणों को इस एप से जोड़ा जा चुका है और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। धरमजयगढ़ एक हाथी प्रभावित वन क्षेत्र है, जहां मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं लगातार होती रहती हैं। ऐसे में हाथियों की वास्तविक समय में ट्रैकिंग कर अलर्ट देने वाली यह तकनीक लोगों की सुरक्षा के लिहाज से बेहद उपयोगी साबित होगी। एप में ग्रामीणों के मोबाइल नंबर पंजीकृत किए जाते हैं। जब हाथी किसी क्षेत्र विशेष में पहुंचता है तो वन विभाग का संबंधित कर्मचारी एप पर उसकी लोकेशन और जानकारी अपलोड करता है, जिससे जुड़े ग्रामीणों को त्वरित अलर्ट प्राप्त होता है। इस अवसर पर प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारियों और हाथी ट्रैकर्स से एप के नियमित उपयोग के निर्देश दिए गए और मानव-हाथी द्वंद रोकथाम में तकनीक को हथियार के रूप में अपनाने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।

